संख्या-1321/2026/271/22-2-2026-17(124)/2026

प्रेषक,

कमलेश कुमार,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ,दिनांक: 30 सितम्बर, 2026

विषय:- जिला कारागार, गाजियाबाद में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी शिवम त्यागी उर्फ कालू पुत्र श्री अशोक त्यागी, निवासी जनपद- गाजियाबाद की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वरिष्ठ अधीक्षक(मु0), कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-4400/प्रो०अनु०(7)/14/2025 बैठक दिनांक-19.01.2026) दिनांक-16-02-2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, गाजियाबाद में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी शिवम त्यागी उर्फ कालू पुत्र श्री अशोक त्यागी, जो ग्राम-मोरटी, थाना-सिहानी गेट, जनपद-गाजियाबाद का निवासी है। दिनांक 17.05.2019 को बन्दी द्वारा अपने 03 सहअभियुक्त के साथ मिलकर वादी के पुत्र रवि, पोता दीपक व पत्नी को चाकू से हमला करके घायल करने का अपराध कारित किया गया। अत्यधिक चोट आने के कारण वादी के पुत्र रवि की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को एस०टी० नं0- 671/2019 व 704/2021, भा०द०वि० की धारा- 304, 452 व 4/25 आर्म्स एक्ट में मा० न्यायालय, अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं०-10, गाजियाबाद, के आदेश दिनांक 03.07.2024 द्वारा 08 वर्ष के कारावास से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 31.08.2025 तक अपरिहार 06 वर्ष, 03 माह, 13 दिन तथा सपरिहार 06 वर्ष, 06 माह, 16 दिन की सजा भोगी गयी है।

3- जिला प्रोवेशन अधिकारी, अपर पुलिस उपायुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट गाजियाबाद, द्वारा शासनादेश संख्या 1658/22-02-2004-25(94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 क्रि०एल०जे० 1471 में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गई है। उक्त आख्या में बन्दी का अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने, बंदी द्वारा भविष्य में अपराध करने की पूर्ण सम्भावना होने, बन्दी के पुनः अपराध करने में सशक्त होने, बन्दी को जेल में निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, बन्दी के परिवार की सामाजिक व आर्थिक स्थिति समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नही होने की आख्या अंकित करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

4- प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि प्रकरण में दिनांक 17.05.2019 को बन्दी द्वारा अपने 03 सहअभियुक्त के साथ मिलकर वादी के पुत्र रवि, पोता दीपक व पत्नी को चाकू से हमला करके घायल करने का अपराध कारित किया गया। अत्यधिक चोट आने के कारण वादी के पुत्र रवि की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। जिला प्रोबेशन अधिकारी, अपर पुलिस उपायुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सम्यक् परीक्षण कर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किया गया है। प्रकरण से सम्बंधित ऐसा कोई तथ्य परिलक्षित नही है, जिसके आधार पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, अपर पुलिस उपायुक्त तथा जिला मजिस्ट्रेट की आख्या / संस्तुति के प्रतिकूल अवधारणा बनाई

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

जा सके। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी शिवम त्यागी उर्फ कालू पुत्र श्री अशोक त्यागी को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

5- अतः उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि जिला कारागार, गाजियाबाद में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी शिवम त्यागी उर्फ कालू (बन्दी संख्या-408/2024) पुत्र श्री अशोक त्यागी, निवासी जनपद- गाजियाबाद को यू०पी० प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की फार्म-ए/लाइसेंस पर मुक्ति सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतदद्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
कमलेश कुमार
उप सचिव।

संख्या-1321/2026/271(1)/22-2-2026 तददिनांक...

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, गाजियाबाद।
2- अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
5- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
अभय कुमार त्रिपाठी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-1321/2026/271/22-2-2026-17(124)/2026

दिनांक: 30 सितम्बर, 2026 का संलग्नक

सरकार के आदेश

जिला कारागार, गाजियाबाद में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी शिवम त्यागी उर्फ कालू पुत्र श्री अशोक त्यागी, जो ग्राम-मोरटी, थाना-सिहानी गेट, जनपद-गाजियाबाद का निवासी है। दिनांक 17.05.2019 को बन्दी द्वारा अपने 03 सहअभियुक्त के साथ मिलकर वादी के पुत्र रवि, पोता दीपक व पत्नी को चाकू से हमला करके घायल करने का अपराध कारित किया गया। अत्यधिक चोट आने के कारण वादी के पुत्र रवि की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को एस०टी० नं0- 671/2019 व 704/2021, भा०द०वि० की धारा- 304, 452 व 4/25 आर्म्स एक्ट में मा० न्यायालय, अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं०-10, गाजियाबाद, के आदेश दिनांक 03.07.2024 द्वारा 08 वर्ष के कारावास से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 31.08.2025 तक अपरिहार 06 वर्ष, 03 माह, 13 दिन तथा सपरिहार 06 वर्ष, 06 माह, 16 दिन की सजा भोगी गयी है।

जिला प्रोवेशन अधिकारी, अपर पुलिस उपायुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट गाजियाबाद, द्वारा शासनादेश संख्या 1658/22-02-2004-25(94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 क्रि०एल०जे० 1471 में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गई है। उक्त आख्या में बन्दी का अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने, बंदी द्वारा भविष्य में अपराध करने की पूर्ण सम्भावना होने, बन्दी के पुनः अपराध करने में सशक्त होने, बन्दी को जेल में निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, बन्दी के परिवार की सामाजिक व आर्थिक स्थिति समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नही होने की आख्या अंकित करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि प्रकरण में दिनांक 17.05.2019 को बन्दी द्वारा अपने 03 सहअभियुक्त के साथ मिलकर वादी के पुत्र रवि, पोता दीपक व पत्नी को चाकू से हमला करके घायल करने का अपराध कारित किया गया। अत्यधिक चोट आने के कारण वादी के पुत्र रवि की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। जिला प्रोबेशन अधिकारी, अपर पुलिस उपायुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सम्यक् परीक्षण कर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किया गया है। प्रकरण से सम्बंधित ऐसा कोई तथ्य परिलक्षित नही है, जिसके आधार पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, अपर पुलिस उपायुक्त तथा जिला मजिस्ट्रेट की आख्या / संस्तुति के प्रतिकूल अवधारणा बनाई जा सके। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी शिवम त्यागी उर्फ कालू पुत्र श्री अशोक त्यागी को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा बन्दी की फार्म-ए/लाइसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

कमलेश कुमार
उप सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।